## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय शीत शिविर का आयोजन

**दमुआ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दमुआ पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड दमुआ नगर के द्वारा दो दिवसीय शीत शिविर का आयोजन किया गया है शिविर दिनांक 28 दिसंबर 2023 दिन गुरुवार से दिनांक 29 दिसंबर 2023 दिन शुक्रवार शाम 4:00 तक चलेगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दो दिवसीय शीत शिविर कार्यक्रम में स्वयंसेवक की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष तक और मौसम अनुसार ठंड से बचने एवं पहनने हेतु गर्म कपड़े साथ लेकर आवे भोजन पात्र ,थाली ,गिलास ,कटोरी ,चम्मच आदि साथ लेकर आवे नित्य उपयोगी सामग्री साथ लेकर आवे ।डायरी एवं पेन साथ लेकर आवे शिविर में पूर्ण समय रहने की मानसिकता से आवे किसी भी प्रकार की गोली दवाई अगर लेते हैं तो वह भी साथ लेकर आए शीत शिविर में यूनिफॉर्म टोपी एवं दंड लाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड दमुआ के नगर कार्यवाहक द्वारा सभी स्वयंसेवकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होने का आवाहन किया गया है।

### तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रूपये प्रति बोरा हुई

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश में अब तेन्दूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रति मानक बोरा तय की गई है। इस संबंध में वन विभाग ने आदेश जारी कर दिये है। राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्ष 2024 के संग्रहण वर्ष में प्रदेश के करीब 35 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक लाभ होगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पिछले वर्ष के मुकाबले अब 162 करोड़ रूपये का अतिरिक्त पारिश्रिमिक मिलेगा। प्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण और व्यापार का कार्य मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ के माध्यम से किया जाता है। राज्य में प्रतिवर्ष करीब 16 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य किया जाता है। तेन्दूपत्ता संग्रहण के माध्यम से प्रतिवर्ष मई और जून माह में वन क्षेत्र के पास रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार की सुविधा मिलती है। मध्यप्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्ष 2017 में पारिश्रिमिक दर 1250 रूपये प्रति मानक बोरा थी। राज्य सरकार ने इस दर में समय-समय पर वृद्धि की।

## साजकुही, पांडूपिपरिया, बिजोरी में उड़ रही धूल, विभाग नहीं लगा पा रहा लगाम

# क्रेशर संचालक खनिज अधिनियमों का कर रहे खुला उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील के अंतर्गत पांडू पिपरिया, बिजोरी साजकुही, धूसावानी, बाकी ग्राम पंचायतों में खनिज विभाग से स्वीकृत गिट्टी क्रेशर संचालक खनिज नियमों का खुला उल्लंघन कर मनमाने तरीके से उत्खनन कर खनिज नियम के विपरीत ब्लास्टिंग कर मापदंड से कहीं ज्यादा गहरे गड्ढे खोदकर उत्खनन कर रहे हैं। इस कारण इनकी ब्लास्टिंग से क्षेत्र का धमाके के कारण जल स्तर भी प्रभावित हुआ है।

इसके साथ ही इन क्रशरों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक की रॉयल्टी चोरी होती चली आ रहे हैं। पिछले दिनों खनिज विभाग ने ही छोटी सी कार्रवाई में रॉयल्टी चोरी करते तीन ट्रक पकड़े भी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यवाही क्रेशर मालिकों से तामिया मोटल में हुई मीटिंग के बाद से शिथिल पड़ गई। कारण जो भी हो लेकिन खनिज निरीक्षक जिनकी जिम्मेदारी इस तहसील में हो रहे क्रेशर संचालन पर खनिज नियम के तहत ली गई लीज के तहत क्रेशर का संचालन करवाना है जिसमें क्रेशर के आसपास क्रेशर से उड़ने वाली धूल बाहर न जाए। इसलिए वहां पर उचित व्यवस्था करबाना मशीन से जिस जगह गिट्टी तोड़ी जाती है। उस जगह पानी का लगातार छिड़काव कर उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करना भी है लेकिन खनिज निरीक्षक जो केवल क्रेशर मालिकों से चौथ वसूली के लिए ही आते हैं।

इसी के कारण क्रेशर मलिक सारे नियम कानून को बलाये तक पर रखकर अनुबंध की अनदेखी कर खनिज अधिनियमों का खुला उल्लंघन कर इस क्षेत्र के इन क्रेशरो से उड़ने वाली धूल से पर्यावरण एवं आसपास के किसानों के खेत की फसलों को बुरी तरीके से प्रभावित कर रहे हैं।

साजकुही, पांडू पिपरिया, लिंगा, मार्ग पर संचालित क्रशरों में तो आलम यह है कि इनसे उड़ने वाली धूल आने जाने वाले राहगीरों के लिए धुंध का वातावरण निर्मित कर देती है जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों एवं स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्रों को इस धूल के कारण उठानी पड़ रही है। लेकिन खनिज विभाग है कि क्रेशर मालिकों की इतनी लापरवाही एवं नियमों की अनदेखी कर पर्यावरण दूषित करने की मानो अघोषित अनुमति प्रदान की गई है। निरीक्षक का इन पर नियंत्रण नहीं होना तो यही साबित करता है कि शायद, खनिज विभाग स्वयं ही नियम कानून का उल्लंघन करवाने का वेतन लेते हैं। नहीं तो क्या कारण है कि इनके अधीन आने वाले क्रेशर संचलों की मजाल है। कि वो खनिज नियमों का उल्लंघन कर सके। इस तरह तामियां तहसील की उल्लेखित पंचायतों मैं पर्यावरण एवं रॉयल्टी चोरी करने वाले क्रशर मलिक खनिज निरीक्षक की मौन स्वीकृति एवं मिली भगत से शासन एवं पर्यावरण को नुकसान करते चले आ रहे है।

शीघ्र ही खनिज नियम एवं रॉयल्टी चोरी एवं मनमाने तरीके से गिट्टी का उत्खनन किए जाने पर कार्यवाही करनी चाहिए। देखना है कि इस तहसील के खनिज निरीक्षक, किस प्रकार के कार्यवाही करते हैं यह तो कार्यवाही होने अथवा नहीं होने पर ही पता चल सकेगा।

## अजाक्स के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बुधवार को अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी/अधिकारी संघ (अजाक्स) छिन्दवाड़ा के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मांग की गई जिला शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा के द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल में कम्प्यूटर प्रयोगशाला संचालन हेतु 107 पद म.प्र. शासन द्वारा कम्प्यूटर इस्ट्रक्टर के स्वीकृत किये उक्त कम्प्यूटर इस्ट्रक्टर के पदों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल स्तर पर भर्तियां कर ली है।

भर्ती प्रक्रिया में एस.सी./ एस.टी.एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों पर रोस्टर का निर्धारण न कर गुपचुप तरीके से भर्ती कर ली गई हैं। उक्त भर्ती में एस.सी./एस.टी. 13 प्रतिशत एवं 35 प्रतिशत पदों कुल 48 पदों की चोरी की गई है। म.प्र.शासन एवं प्रशासन से संघ विनम्र अनुरोध करता है कि उक्त भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर रोस्टर का निर्धारण किया जावे। एवं भर्ती प्रक्रिया में संलग्न अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो संघ एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से उग्र आंदोलन किया जावेगा जिसकी जबावदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस अवसर पर शीलाराम अहिरवार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के नेतृत्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष शिवम पहाडे,देवरावेन भलावी आदि मौजूद थे।

## खुलेआम बिक रहा मांस, निगम रोक लगाने में नाकाम

**छिंदवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा खुले में मांस के विक्रय पर पूरी तरह रोक के आदेश के बावजूद छिंदवाड़ा शहर में अब तक इस पर रोक नही लग सकी है, शहर के बीचों बीच मानसरोवर कॉम्पलेक्स के पीछे, नागपुर रोड पर चर्च के सामने, मेडिकल कॉलेज के पास, परासिया रोड सहित शहर के अलग अलग इलाकों में अब भी खुलेआम चिकन मटन की दुकान संचालित हो रही है, खुले मे दुकानों के सामने रखकर चिकन मटन का विक्रय किया जा रहा है, प्रशासन को चाहिए की सख्ती से कार्यवाही कर खुले में मटन चिकन के विक्रय पर रोक लगाए।

### शरीर सौष्ठव में योगेश ने जुन्नारदेव का नाम किया रोशन

**जुन्नारदेव।** शहर के सौभाग्य फिटनेस जिम के संचालक योगेश राठौर ने जिले में आयोजित विजय श्री ट्रॉफी 2023 में मिस्टर छिंदवाड़ा 65 किलोग्राम वर्ग में पांचवा स्थान प्राप्त कर शहर का नाम गौरवान्वित किया.अपनी इस सफलता के लिए योगेश ने अपने कोच व मार्गदर्शन विजय वाडवुदे लायंस जिम छिंदवाड़ा के विशेष सहयोग का आभार भी व्यक्त किया.याद रहे की शहर के होनहार युवा योगेश राठौर के द्वारा लगातार पांचवीं बार बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर नगर का नाम रोशन किया गया है.इसके पूर्व भी वह राज्य स्तरपर आयोजित हुई पूर्व में इंदौर, बैतूल जिले में पूर्व में हुई छिंदवाड़ा प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर नगर का नाम गौरवान्वित करते आ रहे हैं.उनकी इस सफलता पर उनके सहयोगी मित्र एवं पत्रकार साथियों ने उन्हें शुभकामना दी.योगेश ने अपनी आगामी प्रतियोगिता की तैयारी के लिए अपनी कोच से आगे मार्गदर्शन लेते रहने की भी बात इस दौरान कही।



### शीतलहर से सुरक्षा के उपायों को अपनाने का अनुरोध

## शीत लहर में लोगों को गरम कपड़े पहनने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

राज्य शासन के गृह विभाग के म.प्र.राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनसमुदाय को शीत लहर (शीत घात) के प्रकोप से बचाव के लिये सामयिक सलाह जारी की गई है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार आगामी शीतकालीन मौसम तक प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान की संभावना को देखते हुये जन सामान्य से इस सामयिक सलाह और सुरक्षा के उपायों को अपनाने का अनुरोध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसामान्य को शीतलहर से पहले सलाह दी गई है कि सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी सामान तैयार रखें। इसी प्रकार शीतलहर के दौरान जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जायें तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी । मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें ।नियमित रूप से गर्म पेय पिये । बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहे। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश नहीं करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकपी को नजरअंदाज नहीं करें, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटे।

## विस्थापित पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**प्रशासन पर लटकाने भटकाने का आरोप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिले के मोहगांव स्थित नंदेवानी जलाशय निर्माण के दौरान अनेक विस्थापित किसानों ने विभाग द्वारा बीते सात सालों से अपनी समस्याओं को लटकाने और भटकाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय पर धरना दिया। सुदामा मानमोडे और सुंदर देशमुख नामक किसानों ने बताया कि जलाशय के इंटकवेल निर्माण के समय विभाग ने डैम से जलापूर्ति शुरू करने के पहले विस्थापित किसानों की सभी समस्याएं दूर किए जाने का वादा किया था। लेकिन सात साल बाद भी प्रशासन हमारी सुध नहीं ले रहा है। किसानों ने छिंदवाडा कलेक्टर से भी दो तीन बार भेट कर समस्याओं को हल करने की मांग की थी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। किसानों ने बताया कि हमारे प्रकरणों में अनेक विसंगतियां और अनियमितताएं हुई है। हम सालों से हमें न्याय प्रदान करने की मांग कर रह है पर हमें न्याय नहीं मिल रहा है। कलेक्टर अजय देव शर्मा ट्रेनिंग के लिए गए है इसलिए विस्थापित किसानों की भेंट उनसे नहीं हो पायी।

### गुरुद्वारे में मनाया वीर बाल दिवस समारोह

**पांढुर्ना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कल गुरुनानक वार्ड के गुरुद्वारे मे वीर बाल दिवस का समारोह बडे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।वीर बाल दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम गुरु गोविंद सिंहजी के साथ-साथ वीर साहबजादो की धर्म एवं देश के प्रति शहादत को स्मरण किया गया। वक्ताओं मे सर्वप्रथम पंजाब सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नगर मंडल के महामंत्री पवन क्षत्रिय, एडवोकेट अवतार सिह रामगाड़िया, नगर मंडल अध्यक्ष विष्णु लेंडे, गुरुद्वारे के ज्ञानी तथा गोपाल सिंग द्वारा शहीदो की जीवनी पर प्रकाश डाला।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ को हर्ष एवं उत्साह के साथ सूचित किया जाता है कि पंडित श्री राम जी महाराज कथा वाचक राजस्थान की रसमई वाणी से श्रीमद् भागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है अतएव सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनावे एवं पूर्ण लाभ अर्जित करें आयोजित कार्यक्रमों में कलश यात्रा 27 दिसंबर बुधवार दोपहर 1:00 से नगर भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर गुजरी बाजार से निकलेगी कथा स्थल मंगल भवन जावेगी।



27 दिसंबर दिन बुधवार श्रीमद् भागवत महामात्य कथा। 28 दिसंबर दिन गुरुवार परीक्षित मोक्ष कथा ।29 दिसंबर दिन शुक्रवार पार्वती विवाह प्रहलाद चरित्र । 30 दिसंबर दिन शनिवार श्री कृष्ण जन्मोत्सव। 31 दिसंबर दिन रविवार गोवर्धन पूजा । 1 जनवरी दिन सोमवार रुक्मणी राधा द्वारकाधीश विवाह मंगल कथा । 2 जनवरी दिन मंगलवार सुदामा चरित्र एवं परीक्षित वैकुंठ गमन हवन पूर्णाहुति एवं भोग प्रसाद प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 7:00 तक ।

आयोजनकतर्रा महेंद्र सिंह परिहार एवं संजय परिहार दमुआ द्वारा समस्त भक्त श्रद्धालुओं से आवाहन किया गया है कि धार्मिक भक्तिमय कार्यक्रम श्री संगीत में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में रसपान करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पूर्ण लाभ अर्जित करें कथा स्थल नगर पालिका मंगल भवन पुराने पेट्रोल पंप के पास में रोड दमोह में आयोजित की गई है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया बीएलओ के कार्य से इंकार

**एसडीएम पांढुर्ना को दिया ज्ञापन सौंपा, समस्याओं से कराया अवगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



महिला एवं बालविकास विभाग की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने आज एसडीएम के नाम का ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक सूरेंद्र सिंह बिसेन को सौंपा। इस ज्ञापन के अनुसार आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने बी.एल.ओ. के कार्य की जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया है। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने बताया कि इन्हें म.प्र. शासन की ओर से बी.एल.ओ. का कार्य करने के लिए आदेश प्राप्त हुए है।

ज्ञापन में बताया गया है कि अनेक आंगनवाडी कार्यकर्ता कम शिक्षित है इसलिए इन्हें एंड्रॉइड मोबाइल ऑपरेट करना नहीं आत हैं आंगनवाडी कार्यकार्तओं के अनुसार उन्हें वे मूल विभाग महिला एवं बालविकास विभाग के कार्य प्रतिदिन सुबह 9 बजे दोपहर 4 बजे तक करती हैं। इस दौरान बच्चों का नाश्ता, उन्हें भोजन प्रदान करना, समय समय पर बच्चों का वजन नापना तथा बच्चों को प्रिप्राइमरी शिक्षा प्रदान करना यह सारे कार्य करने होते हैं। इसके बाद पूरे दिन भर के क्रियाकलापों की जानकारी मोबाइल में फीड करनी पडती है। इन कार्यो के अलावा शासन की समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना, हितग्राहियों को इससे लाभान्वित करना, स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी के रूप में कार्य करना तथा कुछ कार्य पंचायत के भी करने होते है। यह सभी कार्य करते करते आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को सुबह से शाम हो जाती है।

आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम आर आर पांडे से अपील की है कि उनके इन सभी कार्यो के अतिरिक्त बी.एल.ओ. का कार्य किया जाना हम लोगों के लिए कतई संभव नहीं है।

## खेतों में ड्रोन से किसानों को दवाई छिड़काव का सरल तरीका दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत चारगांव एवं उभेगांव पहुंची । जहां पर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं ड्रोन के द्वारा किसानों को खेतों में दवाई छिड़काव करने का सरल तरीका दिखाया गया । इस अवसर पर बुधवार को किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, जिला सहकार्यालय मंत्री दिनेशकांत मालवीय ग्राम पंचायत चारगांव तथा उभेगांव पहुंचे । इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने कहा कि मेक इन इंडिया ने देश में औधोगिक विकास के मार्ग को प्रशस्त किया है। देश में आयात ज्यादा और निर्यात नाममात्र का था लेकिन मेक इन इंडिया से देश निर्यातकों की सूची में शामिल हो गया है। लंबे समय तक देश में बिजली, सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण दुर्दशा के दौर से गुजरा लेकिन अब मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश के गांवों को अंधेरे से मुक्त किया जा रहा है। देश में आवागमन की सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है। रेलवे सुविधा में नए ट्रेक बिछाए जा रहे हैं। रेलवे सेवा में वेटिंग टिकट से जल्द ही निजाद मिल जाएगी। वेटिंग टिकट की समय के समाधान के लिए नई ट्रेने शुरू करने की दिशा में काम किया जा रहा हैं। आज देश में वंदेभारत एक्सप्रेस जैसी तीव्रगति से चलने वाली सुविधाजनक ट्रेने चलाई जा रही है । सिंचाई सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। देश में स्वस्थ्य सुविधा का विकास तेजी से किया जा रहा है, अब देश में एम्स की संख्या 5 से बढ़कर 25 हो गई ।

### 24 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर के मार्गनिर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज 11 जनपद पंचायतों की 24 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये । इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की । कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया।

### 20 की जगह 10 एमएम से बन रही सड़क, ग्रामीण जता रहे विरोध

# घटिया गुणवत्ता के साथ बन रही 84 लाख की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



ग्राम पंचायत जाटाछापर बस्ती में बनने वाला एप्रोच रोड घटिया निर्माण की बलि चढ़ रहा है । सारे नियमों को ताक में रखकर ठेकेदार घटिया मटेरियल के साथ सड़क निर्माण करने में भिड़ा है । ग्रामीणों के विरोध के बावजूद निर्माण कार्य जारी है । 20 एम एम गिट्टी की जगह 10 एम एम गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है ।

विभाग के अधिकारी द्वारा काम बंद करने के निर्देश देने के बावजूद काम जारी है । गौरतलब है , कि पी डब्ल्यू डी विभाग के द्वारा जाटाछापर बस्ती में 84 लाख रूपए लागत से बस्ती से रेल्वे स्टेशन को जाने वाली एक किलोमीटर की एप्रोच रोड बनवाई जा रही । इस सड़क को बनाने के लिए जो मटेरियल उपयोग किया जा रहा है वह बेहद घटिया है । पेंच नदी की घटिया रेत का उपयोग हो रहा है । गिट्टी भी तय माप के अनुसार उपयोग नहीं हो रही है । 20 एम एम गिट्टी की जगह 10 एमएम की गिट्टी उपयोग की जा रही है ।


**कार्यालय बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोपालपुर**
**तहसील चौरई जिला छिन्दवाडा**
**पंजीयन कमांक 475 दिनांक 31.10.1966**

कमांक/ आमसभा /2023/क्यू दिनांक 15.12.2023

**विशेष साधारण आमसभा की सूचना**

आपको सूचित किया जाता है। कि बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोपालपुर कि विशेष साधारण आमसभा दिनांक 29.122023 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 11.30 बजे समिति कार्यालय भवन गोपालपुर में आयोजित की गयी है जिसने अपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। विषय सूची 1 संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामो में संशोधन बाबद विचार। 2. संस्था के पुनर्गठन हेतू प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बाबद विचार।


टीप:- आमसभा की सूचना सभी सदस्यों को सामान्य डाक से प्रेषित की गई है।

प्रबंधक
विजय शर्मा
बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोपालपुर।

चर्च को मसीह समाज ने रंग रोंगन से सजाया, बड़ी संख्या में मौजूद रहे मसीह समाज के लोग

# प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



क्रिसमस डे पर यीशु जन्म उत्सव दमुआ दिनांक 25 दिसंबर को चर्च गिरजाघर दमुआ में प्रभु यीशु का जन्म उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया जहां चर्च को समस्त मसीही समाज द्वारा सजाया गया रंग रोगन किया गया सीरीज लाइटिंग से दुल्हन की तरह सजाया गया एवं सभी ने क्रिसमस डे पर उपस्थित होकर प्रभु यीशु का जन्म उत्सव धूमधाम पूर्वक मनाया ईसा मसीह समाज के द्वारा तीन दिवसीय यीशु जन्मोत्सव का कार्यक्रमस्थान दमुआ वार्ड नंबर 16 अमरजीत मंगल भवन के सामने सारणी रोड दमुआ में तीन दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है जहां मुख्य वक्ता के रूप में प्रॉफिट अनिल गुंजल (मुंबई बदलापुर )स्तुति आराधना जीसस फायर स्क्वायर टीम दमोह द्वारा किया जाएगा और दिनांक 27 28 एवं 29 दिसंबर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है जिसका समय सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 तक व शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक रखा गया है कृपया अपने परिवार एवं मित्रों को अवश्य साथ लावे सभा में आने वाले सभी के लिए भोजन एवं बाहर से आने वाले में मेहमानों के लिए ठहरने का उचित प्रबंध किया गया है कृपया समय का ध्यान रखें खास बात तो यह है कि कार्यक्रम मे बीमारो के लिए विशेष प्रार्थना भी की जाएगी जबकि कार्यक्रम के आयोजनलिविंग फेथ ह्यूमन डेवलपमेंट सोसायटी दमुआ एवं जीवित विश्वास कलीसिया व समस्त मसीही गण दमुआ के द्वारा आयोजन किया गया है।



## नौ दिवसीय देवी भागवत आयोजन

**छिंदवाड़ा।** ग्राम मोआदेही में 9 दिवसीय देवी भागवत का कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है। देवी भागवत आयोजन में महिलाओं द्वारा धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई एवं अंकुश शास्त्री महाराज द्वारा देवी भागवत का शुभारंभ किया गया एवं कृष्ण कुमार सूर्यवंशी द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची मुंगनापार और पंधराखेड़ी



**सौंसर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत बुधवार को सौसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राममुंगनापार ,पंधाराखेडी में आयोजित कार्यक्रम में संवाद किया। जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते ने ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने विगत 18 सालों में मध्य प्रदेश के हर गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपए की राशि से काम किया है।साथ ही ग्रामीण जनों से शासन की हर जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपने जीवन को समृद्धशाली बनाने की अपील की जा रही है।इस दौरान आदिवासी नेता मोरेश्वर मसकोले जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नारायण वाडोडे, राजेन्द्र भक्ते,संजय बाकंडे, नामदेव पाल, दिनेश भलावी खेमराज सोनेकर, विष्णु वाघ आदि उपस्थित थे।

# सौंसर में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को इंटरस्कूल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन कार्यक्रम का शुभारंभ देवपुजारी मोहगांव रोड के ग्राउंड में किया गया।जिसमे प्रथम दिन के स्पोर्ट्स में अंडर 13 आयु के छात्रों का 100 मीटर दौड़ एवं क्रिकेट का आयोजन किया गया है। जिसमे लगभग 200 बच्चो ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि किशोर देवपुजारी,प्रभाकर वंजारी जयंत गुरु चित्रसेन रबडे, अनिल खांबोलकर, प्रशांत वाडेकर,के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया।इस अवसर पर शांति निकेतन स्कूल के छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि किशोर देवपुजारी ने कहा कि बच्चो को शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक स्कूल में स्पोर्ट्स अवश्य कराना चाहिए ताकि बच्चे स्पोर्ट्स में भी आगे आना चाहिये। स्कूल संचालक निलेश ठाकरे, हर्षल काले, अनंत फसाटे, सरिता पांडे, रजनी ठाकुर, महेंद्र चाके उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन रवि कोठेकर ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री से की पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ ने भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को भोपाल प्रवास के दौरान पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड मध्यप्रदेश सरकार के नवनिर्वाचित उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ामुलाकात करते हुए सरकार में उपमुख्यमंत्री बनने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया है। मुलाकात के दौरान पूर्व राज्य मंत्री श्री मोहड के द्वारा सौसर क्षेत्र नगर के विकास को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान मोहगांव हवेली नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे, भाजपा नेता मनोज कलंबे आदि उपस्थित थे।

# सहकारी समिति में किसानों की विशेष साधारण आमसभा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सेवा सहकारी समिति मर्यादित शाखा सिंगोड़ी में आज क्षेत्र के किसानों की विशेष साधारण बैठक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से सिंगोड़ी सहकारी समिति के अंतर्गत वर्तमान में 26 गांव आते है जिसमें से 8 गांव अलग हो चुके हैं जो अलग होकर माने गांव को बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति बनाया गया है। जिसमे ग्राम बगलामल , नांदिया , मानेगांव,बांद्रा,बांद्रा ढाना,पिपरिया गुमानी ,अकलमा ,दीवान गांव आदि सम्मिलित होंगे । शेष 18 ग्राम सेवा सहकारी समिति सिंगोड़ी में ही सम्मिलित रहेंगे। जिसका प्रस्ताव कृषक कन्हैया राम वर्मा मानेगांव के द्वारा किया गया जिसका समर्थन प्रमोद राय अकलमा के द्वारा किया गया। वही समिति के प्रबंधक सलाम अंसारी ने आम सभा की समस्त जानकारी किसानों को दी। विदित रहे कि इसके पूर्व मुख्यालय खामीहीरा था लेकिन वहा के किसान मानेगांव में सम्मिलित न होकर सिंगोड़ी में ही सम्मिलित होना चाहते है जिसका प्रस्ताव आज सर्वसम्मति से पारित हुआ।उक्त विशेष आम सभा में आज मुख्य रूप से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष परसादी पटेल की मौजूदगी में प्रारंभ हुआ एवं अन्य अतिथियो के रूप में किसान दिमाक पटेल, राजू पटेल, असरफ पटेल ,कन्हैया राम वर्मा, गजेंद्र साहू, राजेंद्र वर्मा, प्रमोद रॉय सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

सोनझरा में भगवान दत्तात्रेय जयंती कार्यक्रम में पहुँचे विधायक विक्की पटेल

# वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र का हर व्यक्ति विधायक : विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी-खैरलॉजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनझरा में भगवान श्री दत्तात्रेय का 39 वीं जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लासमय माहौल में आयोजित किया गया। जहाँ प्रातः काल से ग्रामीणों द्वारा भगवान श्री दत्तात्रेय की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल भी भगवान दत्तात्रेय के दर्शन करने ग्राम सोनझरा पहुँचे। जहॉ उन्होंने भगवान दत्तात्रेय के दर्शन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने बीच पहुंचे विधायक विवेक पटेल का फूलमालाओं से स्वागत सत्कार किया।

ग्रामीणों के सत्कार से अभिभूत विधायक श्री पटेल ने चुनाव में ग्रामीणों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जनहितैषी कार्यो के लिए उनके साथ हमेशा खड़े रहने का वादा करते हुए कहा कि मैं तो विधायक के रूप आप लोगों का प्रतीक भर हूँ। असली विधायक तो मेरे निर्वाचन क्षेत्र का हर एक मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ही मेरी भगवान हैं, मैं आपका सेवक मात्र हूँ।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में हेंडपम्प लगवाने व बाउंड्रीवाल बनवाने की माँग की गई। जिस पर विधायक श्री पटेल ने जल्द ही उनकी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

## हम सब मिलकर विकास की गति को बढ़ायेगे आगे- विवेक पटेल

ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से और आप सब ने मुझे चुनाव जीताया हैं, चुनाव में एक तरफ बहुत बड़ा आदमी था और दूसरी तरफ मुझ जैसा छोटा व्यक्ति था। फिर भी आप लोगों ने छोटे व्यक्ति को जीताया हैं, ग्राम सोनझरा में कभी विकास नहीं रुकेगा। आप लोगों की सेवा में मैं हमेशा खड़ा रहूंगा, आपको मेरे पास आने की जरूरत नही हैं। मैं खुद आप लोगों के पास काम पूछने आऊंगा, आप जो बोलेंगे, हम सब मिलकर विकास की गति को आगे बढ़ायेंगे।

# नेशनल हाइवे 543 के मुआवजा वितरण में आयी गति

## मौजा गोंगलई सहित अन्य गांवों के किसानों को आपसी सहमति के प्रकरणों के लिए लिखा पत्र

**बालाघाट।** भू-अर्जन के लंबित अवार्ड राशि के सम्बन्ध में मंगलवार को एसडीएम श्री राहुल नायक द्वारा मुआवजा वितरण के लिए समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम कार्यालय से जारी व्हाटसअप प्रेसनोट में बताया गया कि नेशनल हाईवे 543 गोंदिया- बालाघाट कि.मी. 11.200 से कि.मी.16.300 तक के फोरलेन के अधिग्रहण में लंबित मुजावजा राशि के संबंध मे अनुविभाग बालाघाट अंतर्गत कुल प्रभावित 255 कृषकों को मुआवजा राशि 13,00,93,417/- (तेरह करोड तिरानबे हजार चार सौ सत्रह) स्वीकृत की गई जिसके अनुपालन में मुआवजा राशि 10,60,02,223(दस करोड साठ लाख दो हजार दो सौ तेईस) रूपये का भुगतान पूर्व मे किया जा चूका है तथा मुआवजा से शेष राशि के भुगतान किये जाने हेतु मौजा गोंगलई के कृषक सेवकराम एंव रामनबाई, मौजा कन्हडगांव के कृषक निकिता पति मधुर जैन, विराग पिता विशाल संचेती, मेघराम रांहगडाले, रेवराम रांहगडाले, मौजा पेन्डरई दीपक पिता आत्माराम इत्यादि के द्वारा भूमिस्वामीयों द्वारा आपसी सहमति एंव अपील के अधिकार को सुरक्षित रखते हुये निर्धारित मुआवजा राशि स्वीकार किये जाने के संबंध में समक्ष मे सहमति दी गई । सहमति एंव अपील के अधिकार सुरक्षित रखे जाने के निर्देश सहित कृषकों को गणनानुसार देय मुआवजा राशि 94,83,742/- (चौरानबे लाख तिरासी हजार सात सौ बयालीस रूपये मात्र) का भुगतान सक्षम प्राधिकारी एंव भू-अर्जन अधिकारी के काला एकाउण्ट से एक्सिस बैंक शाखा बालाघाट से तत्काल किये जाने हेतु पत्र लिखा गया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का किया गया आयोजन

**वारासिवनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के गणित के पीजीटी गौरीशंकर पारधी ने बताया कि गणित एक बहुत ही रोचक विषय हैं, इसमें विद्यार्थी सीढ़ी दर सीढ़ी सीखता हैं, तभी वह पारंगत होता है। विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करने, विभिन्न विधाओं को जानने और समझने तथा बच्चों को गणित के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय में गणित संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।इस अवसर पर विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, मैथमेटिकल फन गेम्स, मैथमेटिकल मेमोरी गेम्स, मैथमेटिकल रेस, पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गणितीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा कक्षावार, सदनवार बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

# मंसुरी वेलफेयर सोसायटी का चुनाव कल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए मंसुरी वेलफेयर सोसायटी का चुनाव आगामी 29 दिसंबर को बैहर रोड स्थित संस्था कार्यालय में होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ऑल इंडिया जमीअतुल मंसूर के प्रदेश उपाध्यक्ष शकील मंसुरी ने बताया कि मंसुरी वेलफेयर सोसायटी के तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए नवीन चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराए जा रहे है। जिसमें अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव की घोषणा गत 23 दिसंबर को आयोजित संस्था के संस्थापक हाजी शेख सुभान मंसुरी, प्रदेश उपाध्यक्ष शकील मंसुरी, वर्तमान अध्यक्ष हाजी अब्दुल खालिक कुरैशी, सचिव हमीद दीवान, उपाध्यक्ष मो. नबी कुरैशी, कोषाध्यक्ष अब्दुल कलाम कुरैशी, अब्दुल राजिक कुरैशी, युसुफ कुरैशी, सहसचिव मुबारक मंसुरी एवं एजाज मंसुरी की उपस्थिति में निर्वाचन की तारीख मुकर्रर की गई।

जिसमें तय किया गया कि संस्था कार्यालय में सभी चुनावी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस चुनाव प्रक्रिया के प्रारंभ में 26 दिसंबर को दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक नामावली का प्रकाशन, 27 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से एक बजे तक नामांकन फार्म वितरण, 28 दिसबर को प्रातः 11 बजे से डेढ़ बजे तक नामांकन फार्म जमा और दोपहर 02 बजे से 2.30 बजे तक नामांकन फार्म की जांच की जाएगी। इसी दिन दोपहर 3 से 4 बजे तक नामांकन फार्म वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिसके बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारो के नामों का प्रकाशन सायंकाल 05 किया जाएगा। जबकि 29 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिसके आधे घंटे बाद मतगणना और फिर निर्वाचित उम्मीदवारों के नामो की घोषणा की जाएगी।

बकायादार परेशानी से बचने के लिए स्वयं जमा करवा दे टैक्स-सीएमओ

# नपा ने चलाया वसूली अभियान: टैक्स जमा नहीं करने पर 12 दुकानें सील

## 8 लाख रुपये का लक्ष्य, पहले दिन 2 लाख की वसूली



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर में दुकानदारों पर बकाया टैक्स वसूलने नगरपालिका आक्रामक हो चुकी हैं। टैक्स बकायादारों द्वारा वर्षो से जमा नहीं की गई टैक्स की राशि पर नगरपालिका सीएमओं द्वारा डेढ़ वर्षो से दुकानदारों को अवगत कराया गया था। जब दुकानदारों द्वारा टैक्स जमा नहीं करने सबंधित लापरवाही बरती गई, तब उन्हें एक सप्ताह पहले नोटिस जारी किया गया और तब भी राशि जमा नहीं की गई, तो बुधवार को खुद सीएमओ दिशा डहेरिया नगरपालिका अमले के साथ टैक्स वसूलने निकल गई।

दुकानदारों से सीएमओ दिशा डहेरिया द्वारा टैक्स की राशि जमा करने के लिए कहा गया, तब अधिक राशि होने की वजह से दुकानदारों द्वारा टैक्स की राशि जमा करने पर गोल मोल जवाब सीएमओ दिशा डहेरिया को देने लगे। तो उनकी दुकानों को सीएमओ दिशा डहेरिया ने सील कर दिया।

**वेतन सहित अन्य दिक्कतों का सामना कर रही नपा:** विदित हो कि कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य दिक्कतों का सामना कर रही नगरपालिका ने यह कदम उठाया हैं। वहीं लोगों की टैक्स संबंधित लापरवाही भी इस पूरी कार्यवाही में उजागर हुई हैं। अगर प्रशासन इसी प्रकार से पहले कार्यवाही करता नजर आता, तो शायद वित्तीय दिक्कतों की समस्या को हल किया जा सकता था। फिलहाल टैक्स बकायादारों पर नपा समय रहते कार्यवाही क्यों नहीं करती? यह भी एक बड़ा प्रश्न बना हुआ हैं या फिर उन्हें टैक्स संबंधित जानकारी हेतू जागरूक करने कोई अभियान क्यों नही चलाती हैं?

**35 दुकानों को किया गया था चिन्हित:** इस संबंध में नपा सीएमओ दिशा डहेरिया ने बताया कि बुधवार को 35 दुकानों को टैक्स वसूली के लिए चिंहित किया गया था। जिसमें बड़े एवं छोटे दुकानदार शामिल थे। सभी की दुकानों में पहुँच कर राशि जमा करने की के लिए कहा गया। जिन दुकानदारों द्वारा गोल मोल जवाब देकर राशि जमा नहीं की गई, उन दुकानदारों की दुकानों को सील कर दिया गया हैं। ऐसी 12 दुकानें हैं, जिन्हें टैक्स का भुगतान नहीं करने के कारण सील कर दिया गया हैं।

**घरों की बकाया राशि भी जमा करे नागरिकगण:** उन्होंने बताया कि जिन पर छोटी राशि थी, उनके द्वारा भुगतान किया गया। इस प्रकार बुधवार को बकायादारों से लगभग 2 लाख 12 हजार रुपये से अधिक की कर राशि वसूली गई हैं। नपा ने 8 लाख रूपये का कर संग्रहण का लक्ष्य रखा हैं। कर संग्रहण की यह कार्यवाही निरंतर प्रारंभ रहेंगी। उन्होंने बताया कि जिन दुकानदारों की दुकानें सील की गई हैं, उनके द्वारा टैक्स की राशि जमा करने की बाद दुकानों की सील खोलकर उन्हें दुकान संचालित करने दिया जाएगा। वहीं दुकानों के बाद जिन घरों पर टैक्स की अधिक राशि होंगी, उन पर भी इस प्रकार की कार्यवाही की जाएगी।

पवारी भाषा के उत्थान और संस्कृति को बचाने पर हुई परिचर्चा

# कटंगी में संपन्न हुआ पवारी साहित्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा प्राणित पवारी साहित्य कला संस्कृति मंडल के तत्वाधन में कटंगी में पवारी साहित्य सम्मेलन का आयोजन पवार मंगल भवन में किया गया. पवारी भाषा (बोली) के उत्थान के उद्देश्य के यह आयोजन किया गया. सम्मेलन की अध्यक्षता विदर्भ भूषण ज्येष्ठ साहित्यकार डॉ. ज्ञानेश्वर टेंभरे ने की. जिन्होंने दूरगामी दृष्टिकोण से पवार समाज और मातृभाषा पवारी के प्रति स्वजातीयजनों को जागरूक किया. सम्मेलन में विधायक गौरव सिंह पारधी का सत्कार किया गया. पांच सत्रों में सम्मेलन किया गया. जिसके पहले सत्र में ग्रंथ दिंडी, दूसरे सत्र में उदघाटन, तीसरे सत्र में पवारी बोली के इतिहास, वर्तमान और भविष्य पर चर्चा की गई. चौथे सत्र में कवि सम्मेलन और अंतिम सत्र में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष इंजिनियर मुरलीधर टेंभरे, महासचिव पुष्पा निरंजन बिसेन ने किया. वहीं पूर्व कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन मुख्य अतिथि रहे. डॉ. गौरीशंकर टेंभरे, मिनेश कुमार, थानसिंह हरिनखेडे, लेखसिंह राणा, नामदेव पारधी, युवराज हिंगवे, सुनील गौतम, प्रो. रूपलाल राणा, हरकचंद टेंभरे, सेशराम रहांगडाले, दिलीप रहांगडाले, लखन सिंह कटरे और वरिष्ठ कवि देवेंद्र चौधरी विशेष अतिथि रहे. सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष भोज पंवार क्षत्रिय संगठन के सहसचिव भोजराज देशमुख रहे. साहित्य सम्मेलन में ज्येष्ठ साहित्यकार हिरलाल बिसेन नागपुर को 'जीवन गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया और डॉ तुफान सिंह पारधी को "पवारी बोली आचार्य भूषण" से सम्मानित किया गया. साहित्य सम्मेलन में डॉ. ज्ञानेश्वर टेंभरे, सी. एच. पटले, चिरंजीव बिसेन, छगन रहांगडाले, रामचरण पटले की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया. सम्मेलन में कवि रत्न रवीन्द्र टेंभरे, वंदना कटरे 'रामकमल', लेखक रामचरण पटले, पवारी बोली शोधार्थी पंकज टेंभरे सभी को पुरस्कृत किया गया।

पहला सत्र ग्रंथ डिंडी से प्रारम्भ हुआ सूत्र संचालन भोजराज देशमुख, पूरनलाल चौधरी, यदोराव चौधरी, छगन रहांगडाले द्वारा किया गया, दूसरा उदघाटन सत्र रहा जिसमें दीप प्रज्वलन, अतिथि स्वागत, सत्कार मूर्ति सत्कार, स्मारिका, ग्रंथ विमोचन, उद्बोधन जिसमें सूत्र संचालन डॉ भारती शरणागत, रवीन्द्र टेंभरे तथा प्रास्ताविक एडवो. साहित्य मंडल के उपाध्यक्ष लखन सिंह कटरे द्वारा प्रस्तुत किया गया. जिसमें आमंत्रित सभी विद्वानों ने अपनी मातृभाषा पवारी/पोवारी में संवाद किया और पवारी के विकास के लिए कई आयामों को समक्ष रखा. तीसरा सत्र परिचर्चा सत्र सुरू हुआ जिसमें पवारी बोली के इतिहास, वर्तमान और भविष्य पर विस्तृत चर्चा हुई।

# सांसद के प्रयासों से केवलारी को शहडोल नागपुर एक्सप्रेस का मिला स्टॉपेज

**दुरभाष पर हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुये डा ढालसिंह विसेन सांसद ने बताया कि लामटा, घंसौर एवं केवलारी-मे एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज का स्वीकृति पत्र श्री अश्वनी वैष्णव जी रेल मंत्री भारत सरकार के आदेश से रेल विभाग के द्वारा जारी कर दिया गया है।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

विवेक कुमार सिंहा ज्वाइंट डायरेक्टर कोचिंग रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार ने पत्र क्रमांक CC-348/2023 दिनांक 26/12/2023 मे रीवा इतवारी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11753 /11754 का लामटा जिला बालाघाट मे स्टॉपेज, रीवा इतवारी एक्सप्रेस व्हाया सिवनी गाड़ी संख्या 11755/ 11756 का घंसौर जिला सिवनी में स्टॉपेज ,शहडोल नागपुर एक्सप्रेस व्हाया सिवनी गाड़ी संख्या 11201/11202 का केवलारी- में स्टॉपेज की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण बनना स्वाभाविक है।दिनांक 13/12/2023 को डाक्टर-श्री ढालसिंह विसेन ने - श्री अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार से भेटकर व लिखित पत्र क्रमांक 994/2023 देकर सिवनी बालाघाट एवं मंडला संसदीय क्षेत्र की जनता की आवाज को उठाया था ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत नैनपुर जंक्शन से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों का महत्वपूर्ण स्टेशनों में स्टॉपेज के लिए सांसद ने श्री अश्वनी वैष्णव जी रेल मंत्री भारत सरकार से भेंट कर पत्र के माध्यम से ट्रेनों के स्टॉपेज, मार्गों के दोहरीकरण को लेकर मांग की थी।

सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र के संवेदनशील सांसद डॉ ढाल सिंह विसेन ने दिनांक 13 /12/ 2023 दिन बुधवार को श्रीअश्वनी वैष्णव रेल मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली से भेटकर एवं पत्रों के माध्यम से ट्रेन संख्या 11753 /11754 रीवा, इतवारी वाया बालाघाट का स्टॉपेज लामटा मे ,ट्रेन संख्या 11755 /11756 रीवा इतवारी वाया सिवनी/छिंदवाड़ा का स्टॉपेज घंसौर एवं केवलारी- में किये जाने एवं शहडोल नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11201 /11202 का ठहराव केवलारी- में किये जाने की मांग पर केवल रीवा इतवारी गाड़ी संख्या 11755 /11756 का स्टॉपेज केवलारी- मे होना शेष रह गया है। संसद ने फोन पर हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुये बताया कि अतिशीघ्र रीवा इतवारी वाया सिवनी का स्टॉपेज भी केवलारी- को मिलेगा ।

## आरक्षण खिडकी शीघ्र प्रारम्भ होगी

दूरभाष पर चर्चा करते हुए डॉक्टर ढालसिंह बिसेन सांसद ने बताया कि केवलारी क्षेत्र भौगोलिकता आवागमन के हिसाब से विशालतम क्षेत्र है और यहां के लोगों को वर्तमान में आरक्षण कराने के लिए सिवनी नैनपुर जाना पड़ता है। शीघ्र ही आरक्षण खिड़की प्रारंभ किये जाने के लिये रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से मिलकर बात करूंगा । शहडोल नागपुर एक्सप्रेस का ठहराव स्वीकृति पत्र जारी होने पर रेल मंत्री व संसद को क्षेत्र वासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# शौर्य का सम्मान कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में राष्ट्रीय कार्यक्रम शौर्य का सम्मान अध्यक्ष सीमा चौहान के नेतृत्व में संपन्न किया गया यह कार्यक्रम विगत 15 वर्षों से 26 11 आतंकी हमले के रूप में यहां सिवनी के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में आयोजित किया जाता है इस कार्यक्रम में मेजर जनरल जीडी बक्शी रक्षा विशेषज्ञ भारत एवं विग कमांडर अरफराज की गरिमामय उपस्थिति रही मेजर जनरल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृशक्ति संगठन एवं समस्त संगठन के पदाधिकारी नागरिकों का में आभार व्यक्त करता हूं जो कि देश के शहीदों एवं परिजनों एवं सेवा के जवानों के लिए इतना मान सम्मान देते हैं मैंने आज तक ऐसा कार्यक्रम नहीं देखा सिवनी आकर मैं अपने आप को बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं इस कार्यक्रम में संजय प्रताप हनी गुप्ता के द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई अपने प्राण निछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों को सम्मान दिया गया कार्यक्रम में 20 राज्यों से शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया गया था इन परिवारों को मंच के माध्यम से सम्मानित किया सम्मानित किया चेक के रूप में राशि प्रदान की गई जिले उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के जवानों को भी कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किया कार्यक्रम में फौजी के परिवार के परिदृश्य को दिखाती हुई एक नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें दिखाया गया की फौजी के परिवार में भी कितनी समस्याएं होती हैं जवान के शहीद होने वाले हृदय को देखते ही उपस्थित नागरिकों की आंखों में आंसू आ गए साथ ही साथ कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया उपहार स्वरूप स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट प्रदान किए गए कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सिवनी के नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 2 से 10 जनवरी तक ग्राम गोबरवेली में श्रीमद् भागवत कथा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के शुभाशीर्वाद से दिनांक 2 जनवरी से 10 जनवरी 2024 तक ग्राम-गोबरवेली (मोहगांव) में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है । कथा व्यास धर्मवीर पं.अजित तिवारी होंगे। आयोजक परिवार की ओर से ज्ञानचंद सनोड़िया ने बताया कि 2 जनवरी को प्रातः 11 बजे से भगवान आनंदकंद श्रीकृष्णचंद्र के दिव्य स्वरूप श्री भागवत महापुराण की शोभायात्रा निकाली जायेगी। 6 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 8 जनवरी को श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह, 9 जनवरी को सुदामा चरित्र एवं 10 जनवरी को प्रातः 10 हवन एवं मध्याह्न में महाप्रसाद भण्डारा का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत का कथा समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रहेगा। आयोजक सनोड़िया परिवार ने भागवत कथा में उपस्थित हो कथा श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित करने अनुरोध किया है।

# सीएचओ डॉ. अनामिका राय की बाथरूम में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विकासखंड केवलारी अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र पांजरा में पदस्थ 28 वर्षीय CHO डॉ. अनामिका राय पिता राजेन्द्र राय की बाथरूम में मौत हो गई है। वे वृंदावन में संत प्रेमानंद के दर्शन कर लौटी थीं। सिवनी से अपने साथियों के साथ चिकित्सक डॉ. अनामिका राय की मथुरा वृंदावन गई थी जहां उनकी मृत्यु हो गई। डॉक्टर अनामिका गेस्ट हाउस में स्नान के दौरान बेहोश हुई थीं। साथी उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर गए थे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे वृंदावन में एक गेस्ट हाउस में अपने कुछ साथियों के साथ ठहरीं थीं। बाथरूम में नहाने गई थीं डॉक्टर अनामिका काफी देर तक कोई आवाज न आने पर साथियों ने निकाला था। सिवनी जिले से आधा दर्जन साथियों संग मथुरा वृंदावन में मंदिरों के दर्शन को आई 28 वर्षीय चिकित्सक की मृत्यु हो गई। साथियों के अनुसार युवती स्नान करने बाथरूम में गई थी और बेहोश हो गई। जिसे उपचार के लिए ब्रज हेल्थकेयर अस्पताल में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। मथुरा वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग स्थित ललिता आश्रम के सामने गेस्ट हाउस में 26 दिसंबर को सिवनी जिले से आधा दर्जन युवक और युवतियां आकर ठहरे थे। पुलिस को मृतक युवती के साथियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सभी लोग मंगलवार की सुबह संत प्रेमानंद के दर्शन कर गेस्टहाउस पहुंचे थे। श्रद्धालुओं में शामिल पलारी निवासी राजेन्द्र राय की 28 वर्षीय बेटी डॉ. अनामिका राय स्नान के लिए बाथरूम में गई थीं। काफी देर तक बाहर न निकलने पर साथियों ने आवाज लगाई तो कोई जवाब न मिला। जब दरवाजा खोला तो अनामिका बेहोश मिलीं। जिसे लेकर सभी साथी ब्रज हेल्थकेयर हॉस्पिटल उपचार के लिए लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय गढ़वाल समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 31 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। परिचय सम्मेलनों से लोगों की परेशानी दूर हो जाती है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि सम्मेलन में दहेज की मांग नहीं होती।**

अखिल भारतीय गढ़वाल समाज क्षेत्र बरघाट के अध्यक्ष दया शंकर अजीत का कहना है कि विवाह हमारे जीवन का एक सांस्कृतिक और सामाजिक दायित्व है।

विवाह के लिए दो परिवार के लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। एवं युवक यूतियों के परिजनों को आपस में मिलाने एवं एक दूसरे को समझने का सबसे आसान तरीका युवक युति परिचय सम्मेलन जैसे आयोजन ही है।

आगे अखिल भारतीय गढ़वाल क्षेत्र बरघाट के प्रचार प्रसार समिति के सदस्य भाई बिट्टू जख्म गढ़वाल ने हरिभूमि टीम को बताया कि 31 दिसंबर 2023 दिन रविवार को सिवनी में स्थित राशि लोन में अखिल भारतीय क्षत्रिय गढ़वाल क्षेत्र बरघाट एवं पांडिया छपारा के तत्वाधान में गढ़वाल समाज का युवक युति परिचय सम्मेलन है एवं उसके बाद समाज के वरिष्ठ जनों का मिलन समारोह का भी आयोजन रखा गया है एवं युवक युति परिचय सम्मेलन के दौरान बीच-बीच में सांस्कृतिक प्रोग्राम का भी आयोजन समाज के ही प्रतिभाओं के द्वारा देकर इस आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा

पूर्व में भी अखिल भारतीय क्षत्रिय गढ़वाल महासभा के तत्वाधान में समाज की प्रतिभाओं को निखारने का कई बार प्रयास किया गया है

हम आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही अखिल भारतीय क्षत्रिय गढ़वाल क्षेत्र बरघाट एवं पांडिया छपारा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का चुनाव सामाजिक बन्धुओं के द्वारा ही किया गया था जिसमें विजय होकर बरघाट क्षेत्र की अध्यक्षता का कमान ओजस्वी युवा मनोज उर्फ दयाशंकर अजीत ने संभाला तो वही पांडिया छपारा क्षेत्र की अध्यक्षता का दायित्व विजय होकर जगदीश भरद्वाज ने संभाला है समाज उत्थान के अनेकों गतिविधियों में अपना सहयोग देने वाले ग्राम इन्दावाड़ी के रवि ब्रम्हे कहते हैं कि युवक युति परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मैं संपूर्ण समाज का आह्वान करता हूं एवं समाज के वरिष्ठ जनों से भी अपील करता हूं कि वे समाज के लोगों को इस परिचय सम्मेलन से अवगत करवाए और इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए समाज के युवक-युवतियों को प्रेरित करे। आगे इन्दावाड़ी मंडल अध्यक्ष मदन शिवांशी ने बताया कि गढ़वाल समाज से समाज के जो युवक-युवती इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं जो जो युवक युति किसी कारणवश इस आयोजन का हिस्सा न बन पाए, वे संगठन के द्वारा जारी कीये गए नंबर +919424382987,9981781200 ..+919340631276 पर संपर्क कर अपनी एंट्री करवा सकते हैं या फिर गढ़वाल समाज बरघाट के अध्यक्ष से परिचय सम्मेलन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर उन्हें भरकर आप युवक युवती परिचय सम्मेलन के आयोजन समिति के पास भी जमा कर सकते हैं।

# स्काउट गाइड फेलोशिप द्वारा ग्राम अरी में बाल संस्कार शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्काउट गाइड फैलौशिप डिस्ट्रिक्ट सिवनी की अरी टीम द्वारा ग्राम अरी में 2 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन 24 और 25 दिसम्बर को किया गया । जिसमे ग्राम अरी के 3 से 10 वर्ष के 180 से अधिक बच्चो ने भाग लिया और योग, मैडिटेशन, जुम्बा, ब्रेन बूस्टिंग, लिसनिंग कैपेसिटी, मेमोरी इम्प्रोविंग, सिंगिंग, डांसिंग, सिग्नल्स रोड क्रॉसिंग इनफार्मेशन जैसी बहुत सी एक्टिविटीज़ सीखा, साथ ही अरी फ़ेलोशिप टीम के अध्यक्ष अभिषेक ठाकरे ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सोशल वर्कर अनुराग ठाकरे, इंटरनल सिक्वेरिटी ऑफिसर सुशील भालेकर, डॉ नीलेश बोपचे और पुलिस विभाग से लक्छमीनारायण गुलहानी को आमंत्रित किया जिन्होंने बारी बारी से बच्चों और पालकों को शिक्षा संस्कार मोबाइल के दुष्परिणाम, साइबर सिक्योरिटी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस पूरे कार्यक्रम में स्काउट गाइड फ़ेलोशिप टीम अरी से हर्षिता चौहान, सुष्मिता यादव, दीपमाला मर्सकोले, भारती यादव, गीत चौहान, सोनाली विश्वकर्मा, कल्याणी यादव, पीहू सोनवाने, डोली नेवारे, दीक्षा नेवारे, मनोज गौतम, सुरेन्द्र राउत, भगत सिंह यादव, नीलेश यादव, राज मर्सकोले, अमित विश्वकर्मा, ओम बावने और आदित्य राय का विशेष सहयोग रहा ।उक्त शिविर सिवनी फ़ेलोशिप ग्रुप के अध्यक्ष नितिन सक्सेना, कोषाध्यक्ष फारूक खान और संयुक्त सचिव महेंद्र डहरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच कर शासन की योजनाओं से लाभांवित करना है : श्री कुलस्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से "विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राहियों से संवाद किया गया। इसी परिपेक्ष्य में जनपद पंचायत लखनादौन की ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द वन विद्यालय परिसर में केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मालती डहेरिया, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न हितग्राही मूलक विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में आमजनों तथा हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में संचालित ₹मोदी की गारंटी की गाड़ी₹ (प्रचार रथ) के उद्देश्य से अवगत कराया।



उन्होंने केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जनों को दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करने का उद्देश्य है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते द्वारा विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

## "विकसित भारत संकल्प यात्रा" शिविर के दौरान योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित

सिवनी ।केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रचार रथ के माध्यम से नगरीय एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आमजनों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर मौकास्थल पर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित है। बुधवार 27 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पौनारकला, धारनाकला, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं कुर्सीपार, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ऊमरपानी एवं बरेली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहगांव एवं मानेगांव, केवलारी की ग्राम पंचायत रतनपुर एवं खैरी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेलपेठ एवं जोगीवाड़ा, लखनादौन की ग्राम पंचायत सुहागपुर एवं पुरवा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जोरावारी, लूघरवाड़ा, एवं छतरपुर पहुंची।

विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौंके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

### आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

28 दिसम्बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जेवनारा, जावरकाठी, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिहीरिया एवं प्रातापगढ, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत साजपानी एवं पिपरिया बसूडा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुंडापार एवं अनकवाडा, केवलारी की ग्राम पंचायत ढुटेरा (उगली) एवं घूरवाडा, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चक्कीखमरिया एवं खांकरा, लखनादौन की ग्राम पंचायत चूलगांव एवं डाला तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कंडीपार, बींझावाड़ा, एवं कान्हींवाडा पहुंचेगी।

# नि:शुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर लगवाने के लिए दिव्यांगजन कराऐं रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी श्री वीरेश सिंह बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि जबलपुर घर की पाठशाला और हरि-कृष्णा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए 30 जनवरी 2024 तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा एवं 09 फरवरी 24 को कृत्रिम हाथ-पैर का नाप लिया जाएगा एवं 13 फरवरी को कृतिम उपकरणों का वितरण किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति जिनके पैर कटे हुऐ हैं, ऐसे लोगों की शिविर में जांच परीक्षण कर निःशुल्क आधुनिक पैर ₹गोमती लेग्सर₹ लगाए जायेंगे। यह पैर वजन में हल्के और बहुत ही मजबूत है। पैर लगाने के बाद लाभान्वित व्यक्ति सुगमता चल सकता है, दौड़ सकता है, बैठ सकता है, सीढ़िया चढ़ सकता है और साइकल, मोटर साइकिल या कोई भी वाहन चला सकता है।

घर की पाठशाला फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती सोनू भाटिया ने बताया की कृत्रिम पैर लगाने के लिए 9 फरवरी 24 को पैरो का नाप लिया जाएगा एवं 13 फरवरी को कृत्रिम हाथ और पैर लगाए जाएंगे। यह पैर दिव्यांगजनों को निःशुल्क लगाए जायेंगे, जो लोग दूर से पैर लगाने के लिए आयेंगे ऐसे लोगों के रुकने व खाने पीने की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी और साथ में जिन लोगो के हाथ कोहनी से आगे कटे हुवे है और मूल हाथ का कम से कम 4 इंच हिस्सा मौजूद हो ऐसे लोगो को अमेरिका में निर्मित एलएन-4 कृत्रिम हाथ निःशुल्क लगाए जायेंगे। हाथ वजन में हल्के और आधुनिक है, हाथ लगने के बाद दिव्यांग व्यक्ति बहुत से कार्य कर सकता है जैसे की लिखना, चम्मच पकड़ कर खाना, बाइक कार या साइकिल चलाना, रसोई का काम करना, मजदूरी का काम करना और भी बहुत कुछ रोजमर्रा के कार्य कर सकते है। जो भी दिव्यांग व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते है, वो व्हाट्सएप के जरिए इन नंबरों पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सोनू भाटिया 8989891139, मोनिका विन्द्रा 9754319862, सोनल परिहार 6268149797, डॉ ऋषि सागर 9407020359, ऋषभ नामदेव 8839118817 पंजीकरण कराने के लिए कटे हुये पैर और हाथ के साथ फोटो, पहचान पत्र और मोबाइल नंबर देना आवश्यक है।

# बीसी सखी प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन seoni अंतर्गत दिनांक 20/12/23 से 26/12/23 तक आरसेटी बींझावाडा में 7 दिवसीय बीसी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के 2 बैच एक साथ सम्पन्न हुये जिसमें जिले के विकासखण्ड छपारा, कुरई व केवलारी की रिक्त व चिन्हित पंचायतों से स्व सहायता समूह से कुल 44 बीसी सखी का चयन व चिन्हांकन तथा सीएलएफ द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर प्रशिक्षण में प्रतिभाग लिया तथा जिन्होंने 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में उपस्थित होकर बैंकिंग व गैरबैंकिंग सेवाये/सुविधायें ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने हेतु प्रशिक्षण व प्रायोगिक कक्षा द्वारा समझ विकसित की। वित्तीय समावेशन अंतर्गत डिजिटल फाईनेंसिंग सेवायें को पंचायतों क्षेत्रों मे घर-धर पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिये बीसी सखी अवधारणा विकसित हुई। इन समस्त 44 बीसी ने प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में आई.आई.बीएफ परीक्षा में सम्मिलित हुई व परीक्षा उत्तीर्ण की। इन सभी बीसी को पोस्ट ऑफिस/बैंक/सी.एस.सी द्वारा आईडी प्रदाय कर ग्राहक सेवा केन्द्र स्थापना हेतु सहयोग व प्रोत्साहित किया जायेगा। जिससे ये सभी अपने पंचायत क्षेत्रों में ग्रामीणजन को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करा सके।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक 26 दिसम्बर 2023 को प्रभारी कलेक्टर एवं सी ई ओ जिला पंचायत श्री पंवार नवजीवन विजय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। योजना के संबंध में उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी श्री के.एल.मरावी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक केन्द्र प्रवर्तित योजना है। जिसमें जिले के मत्स्य पालकों / मत्स्य कृषकों को मत्स्य पालन के क्षेत्र में स्वाबलम्बी व स्वरोजगार स्थापना हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान सहायता उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जाता है। बैठक में सर्वप्रथम 2022-23 में विभिन्न कार्यकमों में उपलब्ध बजट आवंटन एवं उससे लाभांवित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया गया कि वर्ष 2022-23 में योजना के विभिन्न कार्यकम जैसे नवीन तालाब निर्माण एवं इन्पुट्स अनुदान, श्री व्हीलर विथ आईस बॉक्स, योजना अंतर्गत प्राप्त आवंटन रूपये 57.86 लाख के व्यय का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। संचालनालय मत्स्योद्योग मध्य प्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 28 दिसम्बर 2023 तक प्रस्ताव चाहे गये है। योजनांतर्गत प्राप्त आवेदनों का स्थल निरीक्षण व दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत तालाब निर्माण के 38 हितग्राही, मोटर सायकिल विथ आईस बॉक्स के 25 हितग्राही थी व्हीलर विथ आईस बॉक्स के 02 हितग्राही, आर०एस०एस० के 05 हितग्राही, फिश कियोस्क स्थापना हेतु 03 हितग्राही, पोण्ड बायोफ्लॉक के 01 हितग्राही तथा जिले की 15 मछुआ सहकारी समितियों के 1149 सकिय सदस्यों को पात्र पाये जाने पर जिला स्तरीय समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कुल राशि रू. 297.42 लाख (राशि रू. दौ सौ सनतानवे लाख बयालीस हजार) का प्रस्ताव संचालनालय मत्स्योद्योग भोपाल भेजे जाने हेतु अनुमोदन किया गया।

## स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आज

म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष- 2023 (उत्तरार्ध्द) कार्यक्रम अंतर्गत 28 दिसम्बर 2023 को सांय 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में 29 दिसम्बर 23 को जिलास्तरीय रेण्डमाईजेशन तथा 31 दिसम्बर 2023 से 02 जनवरी 2024 तक प्रातः 10:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में कमीशनिंग कार्य किया जाएगा।

# अद्भुत साधना एवं तपस्या के साधक सन्मतिसागर आचार्य : आर्यिका चर्याश्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मांसोपवासीतपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मतिसागर जी महाराज के 14 वे समाधि दिवस की पुण्य तिथि पर उन महामना वयोवृद्ध तपस्वी मुनिराज का स्मरण कर नगर में विराजित आर्यिका श्री चर्या श्री माताजी ने धर्मसभा में संबोधन प्रदान करते हुए कहा कि दिगंबर जैन श्रमण परंपरा में जिन श्रमणराज ने सर्वाधिक कठोर तपस्या कर छह रसों का त्याग कर व्रत उपवास ग्रहण किए उनका नाम श्रमणजगत में आचार्य सन्मतिसागर जी महाराज के नाम से विख्यात हुआ। मात्र 18 वर्ष की सुकुमार आयु में घर परिवार का मोह त्याग आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी महाराज से क्रमशः ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की वर्ष 1962 में मात्र 24 वर्ष की किशोर अवस्था में वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमलसागर महाराज से सिद्धों की शाश्वत भूमि सम्मेद शिखर में मुनि दीक्षा ग्रहण कर ओमप्रकाश से सन्मति सागर तक अर्थात राग से वैराग्य,साधनों से साधना एवं भोग से योग का उत्कृष्टतम दिगंबरत्व की साधनामयी यात्रा प्रारंभ की। आचार्य श्री विमलसागर महाराज की आज्ञा शिरोधार्य कर पुनः उनके एवं स्वयं के क्षुल्लक दीक्षा गुरू आचार्य महावीरकीर्ति महाराज के पास ज्योतिष एवं सिद्धांत के ग्रंथो का अध्ययन करने पहुंचे जहां ज्ञानार्जन के साथ वृद्ध तपस्वी आचार्य महावीर कीर्ति जी महाराज की अद्भुत सेवा एवं वैय्यावृत्ती कर आदर्श शिष्य का कर्तव्य पूर्ण दायित्व के साथ संभाला।

**खबर संक्षेप**

### सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक आज

**बालाघाट।** सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक आज गुरुवार को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही, सभी स्वरोजगार से संबंधित विभागों की अद्यतन प्रगति, सहकारिता विभाग द्वारा चल रहे धान उपार्जन कार्य एवं अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।

### अप्रारंभ आवासों के समर्पण व सरेंडर की कार्यवाही

**बालाघाट।** बालाघाट नपा सीएमओ द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक (अंतर्गत) विगत वर्ष 2018 एवं 2019 में डीपीआर के 1124, 620 एवं 422 हितग्राहीयों को शासन द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि वर्ष 2018 एवं 2019 में प्रदाय की जा चुकी है। इसके बावजूद हितग्राहीयों के द्वारा अब तक आवास निर्माण नहीं किया है। हितग्राहियों को कार्य प्रारंभ किये जाने की कोई सूचना नही दी गई। इसी के परिपालन में अप्रारंभ आवास के समर्पण व सरेंडर की कार्यवाही की जानी है। इसी तरह पीएम आवास योजना बीएलसी घटक अंतर्गत विगत वर्ष 2018-19 में डीपीआर के 83 हितग्राहियों को शासन द्वारा प्रथम किश्त की राशि प्रदान की गई थी। किंतु इन हितग्राहियों के द्वारा आज तक आवास निर्माण नहीं किया गया है। जिसके संबंध में इन सभी हितग्राहियों को अंतिम सूचना 28 नवम्बर को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था। किंतु हितग्राहियों द्वारा न ही कार्य प्रारंभ किया गया और न ही निकाय को कोई सूचना दी गई। इसी कड़ी में एसएलएसी की बैठक (बीएलसी) में 13 दिसम्बर 2023 को वरिष्ठालय द्वारा निर्देशित किया गया कि सरेंडर के पश्चात यदि कोई हितग्राही द्वारा आवास निर्माण कराया जाता है तो वह स्वयं हितग्राही के द्वारा ही कराया जायेगा।

### भोपाल ने बड़वानी पर दर्ज की जीत

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 26 दिसंबर को एफसी बुराहनपुर बनाम पुलिस ब्वायज बालाघाट के बीच लीग मैच खेला गया। प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ में बतौर अतिथि नपा पार्षद श्वेता सौरभ जैन, समाजसेवी हरिओम अग्रवाल, ऋषभ वैद्य और गणेश अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। दोपहर 02 बजे से मुलना मैदान में मदन महाराज भोपाल बनाम बड़वानी एफसी बड़वानी के बीच खेले गए मैच, में मदन महाराज भोपाल ने ने एफसी बड़वानी को 2-0 से पराजित कर पाईंट टेबल में तीन अंक हासिल किए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच, मदन महाराज भोपाल टीम के जर्सी नंबर 10 के खिलाड़ी वक्कबम मतेई को दिया गया।गौरतलब हो कि जिले में मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से मध्यप्रदेश फुटबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है।

## जनपद सभागार में नवनियुक्त विधायक और अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न

# जुआ, सट्टा, अवैध उत्खनन व ब्याजखोरी अवैधानिक कार्यों पर तुरंत हो कार्यवाही : विधायक पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जनपद कटंगी के सभागार में बुधवार 27 दिसंबर को कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आथित्य में कटंगी खैरलांजी विधानसभा के समस्त अधिकारियों के साथ प्रथम बार परिच्यात्मक बैठक संपन्न हुई। कटंगी एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी मानिकमनी कुमावत, सीईओ दिनेश कर्पे के अलावा कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा नवनियुक्त विधायक का स्वागत उल्लास के साथ किया गया । नवनियुक्त विधायक ने उपस्थित सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर अपना भी पूरा परिचय उपस्थित अधिकारियों को दिया। इस मौके पर नव नियुक्त विधायक ने सभी अधिकारियों के बीच अपनी बात रखते हुए कहा यदि मुझे कटंगी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना है तो यह मेरी जवाबदारी है मैं अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ आप सभी के साथ करु मेरी और हमारे कार्यकर्ताओ को आपसे कोई भी अपेक्षा नहीं है यकीन मानिए मैं कटंगी क्षेत्र के लिए बहुत कुछ काम करना चाहता हु। आप सब भी पूरी ईमानदारी के साथ क्षेत्र की जनता के लिए काम करे कोई भी परेशानी आती है आप मुझे बताओ आप जनता के लिए समर्पित रहो मैं आपके लिए समर्पित रहूंगा हमें बहुत कुछ बदलाव करना है पुराने सिस्टम की तरह कार्य नहीं करना है अपनी काम के तरीके में बदलाव करना होगा आगे उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कटंगी क्षेत्र में चल रहे जुआ, सट्टा, अवैध उत्खनन, ब्याजखोरी आदि अवैधानिक कार्यों पर तुरंत करवाई करें, कटंगी शहर में एकमात्र मैदान अस्पताल बच्चा हुआ है इस अस्पताल मैदान पर अब कोई भी निर्माण कार्य न हो पाए यदि कोई निर्माण कार्य करना हैं तो अस्पताल के पीछे निर्माण कार्य करें जगह की कमी नही है शहर के बचे इस एकमात्र मैदान को बचाना है यह बात बीएमओ साहब ध्यान रखें उन्होंने एसडीएम को पाथरवाड़ रोड स्थित जयराम राइस मिल संचालक पर नियमानुसार करवाई करें यदि संचालक पर्यावरण के नियमो के विरुद्ध संचालन कर रहा है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही करे वार्डवासियों की लगातार शिकायत आ रही है इससे वार्ड की जनता के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है कटंगी तहसीलदार छवि पंत को तालाब के सीमांकन के लिए भी कहा है जिससे सिमाकन करने बाद तालाब के सौंदरीकरण का काम शुरू कर सके। आगे उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कोई भी निर्माण कार्य में किसी भी तरह का घटिया कार्य नहीं चलेगा अन्यथा आप और मैं रहूंगा इस बात का ध्यान रखें मुझे और मेरे कार्यकर्ताओं को आप सबसे कोई भी अपेक्षा नहीं है आप जनता के लिए समर्पित रहे मैं आपके लिए समर्पित रहूंगा इस बात का मैं आप सभी को आश्वासन देता हूं इसके अलावा कटंगी को हमें उद्योग नगरी भी बनाना है इसके लिए एसडीएम साहब जमीन का चयन कर ले जिससे उस स्थान पर छोटे-छोटे उद्योग लगाने वालों को जमीन उपलब्ध करा सके। इस बैठक के बाद मैं अलग-अलग विभागों के अधिकारियों से अलग-अलग बैठक भी करूंगा। इस बैठक में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणिकमनी कुमावत, तहसीलदार कटंगी छबि पंत तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले, सीईओ दिनेश कर्पे के नगरपरिषद अध्यक्ष बङ्कू ठाकुर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष वरुण देशमुख, तिरोड़ी मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने के अलावा पीडब्लूडी, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, मनरेगा जनपद, नगर परिषद सीएमओ, स्वास्थ विभाग बीएमओ, सहकारिता विभाग, राजीव सागर परियोजना विभाग, डाक विभाग,प्रधानमंत्रीआवास योजना विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, कालेज प्राचार्य, थाना कटंगी, तिरोड़ी, महकेपार, खैरलांजी टीआई एएसआई, एइ बिजली विभाग, बीईओ,बीआरसीसी कटंगी खैरलांजी,एसडीओ पीएचई, एमपीआरडीसी उपयंत्री, मत्स्य विभाग, मंडी सचिव,पशु चिकित्सालय के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## दो विभागों द्वारा दिव्यांगजनों को दी जाएगी सुविधाएं

# सहायक उपकरण एवं पास उपलब्धता के लिये 2 जनवरी का होगा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नए वर्ष के प्रारम्भ में ही दिव्यांगजन को सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा 2 जनवरी को विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सीएम राईस स्कूल में आयोजित होगा। इस शिविर में भारत सरकार की एड़िप योजनान्तर्गत सहायक उपकरणों के वितरण के साथ ही परिवहन विभाग द्वारा दिव्यांजन को निशुल्क बस पास व रेलवे पास उपलब्ध कराये जाने के लिये भी शिविर आयोजित होगा। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा परिवहन विभाग को जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि दिव्यांगजनों को शत-प्रतिशत बस कन्सेशन जारी नहीं हो पाये है। इसके लिये नियत तिथि को बस पास बनाने के लिये अपनी टीम को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित होने वाले शिविर में पृथक से यह सुविधा देने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिससे भारत विकसित संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को बस पास से लाभांवित किया जा सके। शिविर में दिव्यांगजन मुलतः दिव्यांगता प्रमाण पत्र की 2 फोटोकॉपी, रियायमी प्रमाण पत्र के 2 प्रमाण पत्र (रेलवे), आधार कार्ड की 01 कॉपी, आयु संबंधी प्रमाण पत्र की 1 कॉपी, 02 पासपोर्ट फोटो एवं मोबाईल नंबर लेकर अनिवार्य रूप से लेकर आयेंगे।

बालाघाट के सीएम राइज स्कूल में 2 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जनपद पंचायत व नगर पालिका बालाघाट, किरनापुर, लालबर्रा व वारासिवनी के निकायो को सम्मिलित किया जायेगा। जबकि 3 जनवरी को जनपद पंचायत कटंगी में शिविर का आयोजन होगा जिसमें जनपद पंचायत कटंगी व खैरलांजी के निकाय सम्मिलित होंगे। 4 जनवरी को जनपद पंचायत बैहर में शिविर का आयोजन होगा, जिसमें जनपद पंचायत बैहर, परसवाड़ा, नगर पालिका मलाजखंड व बिरसा के निकाय सम्मिलित होंगे तथा 5 जनवरी को जनपद पंचायत लांजी में शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें लांजी के जनपद पंचायत व नगर पंचायत के निकायों को सम्मिलित किया जायेगा। शिविर में पूर्व से चिन्हांकित किये गए हितग्राहियों को ही सूचीबद्ध अनुसार बुलाया जायेगा।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सौजन्य से भारत विकसित संकल्प यात्रा में जिले के समस्त पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकित किया जाना है। पोर्टल के अतंर्गत आपके निकायो में दिव्यांगजनों का डाटा पूर्व से अपलोड़ है, जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 या 40 से अधिक है। ऐसे दिव्यांगजनों को विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिये चिन्हांकन करने के लिये विकासखण्ड स्तर पर अलग-अलग तिथियों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविर स्थल पर सभी प्रकार के दिव्यांगजनों अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, मानसिक बाधित, अवण बाधित, एवं बहु निःशक्तता को जिन्हें विगत 03 वर्षों में एवं 01 से 12 वर्ष तक के किसी भी योजनान्तर्गत सहायक यंत्र व उपकरण प्राप्त नही हुये है तथा जो पात्रता की श्रेणी में आते है जिन्हे पूर्व से सहायक उपकरण प्राप्त नही हुए है, उन्हे एलिम्को एवं डीडीआरसी के टीम द्वारा सहायक उपकरण हेतु चिन्हाकंन किया जावेगा एवं अतिशीघ्र चिन्हाकंन के उपरांत सेवा शिविर के माध्यम से सहायक उपकरण का वितरण किया जायेगा। आयोजित शिविर के प्रभावी क्रियान्व यन के लिये ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सीईओ जनपद पंचायत तथा शहरी क्षेत्र के लिए सीएमओ प्रभारी अधिकारी रहेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बिरसा विकाश खंड के ग्राम पंचायत भंडारपुर में कार्यक्रम संपन्न

बालाघाट । विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को सुदूर दूरस्थ क्षेत्र बिरसा विकास खंड के ग्राम पंचायत भंडारपुर में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने वित्तीय साक्षरता की जानकारी एवं लोगों से अनुरोध किया कि अपने लेनदेन कार्यों में सतर्कता बरतें. कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों ने जहां प्राकृतिक व जैविक खेती पर अपने विचार साझा किए। वहीं कार्यक्रम में हर घर जल के अंतर्गत अभिनंदन पत्र, आयुष्मान कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की अनुदान राशि के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सहायक प्रबंधक अभिषेक मरकाम ने स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी उद्योग विभाग द्वारा दी गई, इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से अजय बैश ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ लेने की अपील की..कार्यक्रम में जिला आजीविका मिशन से डॉ. मनीष भिमट्रे ने समूह शक्तिकरण एवं विभाग से चलने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. आयोजित कार्यकर्म सभी को विकसित भारत में सहयोग के लिए संकल्प भी दिलाया गया। शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईईसी वैन द्वारा भारत सरकार की योजनाओं की प्रगति की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

## बुधवार को इन गावों में पहुंची यात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने बुधवार को बैहर जनपद के ग्राम बम्हनी व मोवाला, परसवाड़ा के ग्राम सैला व हर्राभाट, लांजी के ग्राम पाथरगांव व कलपाथरी, कटंगी के सीताखोह व खजरी, बालाघाट के ग्राम लामता व भोंडवा, वारासिवनी के कोचेवाही व सेरपार, किरनापुर के ग्राम वारा व जामरीमेटा, खैरलांजी के ग्राम आरंभा व भेंडारा, बिरसा के ग्राम जगला व डोंगरियाँ और लालबर्रा जनपद के ग्राम मुरझड़ व धपेरा में भ्रमण किया।

### आज इन गावों का करेगी भ्रमण

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गुरुवार को बैहर जनपद के ग्राम पटवा व केवलारी, परसवाड़ा के ग्राम डुडगॉव व वोदा, लांजी के ग्राम दुलापुर व बिसोनी, कटंगी के ग्राम सावंगी व उमरी, बालाघाट के ग्राम मोतेगांव व कोचेवाडा, वारासिवनी के ग्राम बोटेझरी व नादगांव, किरनापुर के ग्राम ककोडी व पल्हेरा, खैरलांजी के ग्राम घोटी व गुनई, बिरसा के ग्राम सुरवाही व गोवारी और लालबर्रा जनपद के ग्राम मोहगांव ध. व साल्हे मो. में भ्रमण करेगी।

## जिले के समग्र विकास को लेकर केबिनेट मंत्रियों से भाजपा नेता ने चर्चा की

# केबिनेट मंत्री कंसाना, चौहान और राकेश सिंह से मिले राजेश पाठक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के तीन केबिनेट मंत्रियों एंदल सिंह कंसाना, नागरसिंह चौहान एवं राकेश सिंह से जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने गत दिनों भोपाल में मुलाकात की। इस दौरान श्री पाठक ने नए मंत्रियों को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। तत्पश्चात बालाघाट जिले के समग्र विकास के लिये विस्तार से चर्चा की। जानकारी अनुसार प्रदेश मंत्रीमंडल का गठन गत दिनों हो चुका है। जिसमें 28 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मंत्रीमंडल गठन पश्चात अब विभागों का आबंटन होना है। जिसकी प्रतीक्षा की जा रही है। इसी बीच मंत्रियों से मुलाकात का दौर जारी है। गत दिनों जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने भोपाल प्रवास के दौरान तीन केबिनेट मंत्रियों से मुलाकात की और जिले के विकास को लेकर चर्चा की। भाजपा नेता श्री पाठक ने केबिनेट मंत्री एंदल सिंह कंसाना, नागर सिंह चौहान एवं राकेश सिंह से उनके बंगले में मुलाकात की। श्री पाठक ने नवनियुक्त मंत्रियो का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और केबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। मंत्रियों से चर्चा करते हुए श्री पाठक ने कहा कि बालाघाट जिला दो राज्यों की सीमा से लगा वन बाहुल्य और खनिज की उपलब्धता वाला जिला है। यहां बांस का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। ऐसी परिस्थिति में जिले में खनिज, बॉस या वन आधारित कोई बड़ा प्रोजेक्ट लगाया जा सकता है। जिससे जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। बालाघाट जिले की विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में भी श्री पाठक ने मंत्रियों को अवगत कराते हुए उन समस्याओं के निराकरण करने की दिशा में मंत्रियों का ध्यान आकर्षित कराया। इस दौरान श्री पाठक के साथ उनके साथी भी उपस्थित थे।

### नशा मुक्त जीवन कर समाज विकास में दें योगदान

**बालाघाट।** लांजी क्षेत्र के ग्राम आवा में ब्लॉक यादव समाज संगठन का पांचवा सम्मान समारोह संपन्न किया गया। कार्यक्रम में समाज उन होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने सत्र 2022-23 की बोर्ड कक्षाओं में 70 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित किए हैं। इसी तरह खेलकूद सहित समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानीत किया गया। विद्यार्थियों को ब्लॉक संगठन लांजी की ओर से मेडल, शील्ड एवं एक-एक हजार रुपए की नकद राशि से देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब यादव शामिल हुए।

## जनता की अपेक्षाओं को किया जा रहा पूरा-सांसद डॉ. बिसेन, रेल सलाहकार समिति ने जताया आभार

# अब गोंदिया होकर नहीं कटंगी-तिरोड़ी होकर गुजरेगी इतवारी-बालाघाट मेमु स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट-ईतवारी और ईतवारी बालाघाट ट्रेन, अब गोंदिया से होकर नहीं बल्कि बालाघाट से व्हाया वारासिवनी-कटंगी-तिरोड़ी और तुमसर होते हुए नागपुर जाएगी। पूर्व में ईतवारी से बालाघाट पहुंचने वाली यह ट्रेन गोंदिया होकर बालाघाट पहुंचती थी, लेकिन गोंदिया ट्रेक के व्यस्त होने से अक्सर इस ट्रेन को पहुंचने में घंटो लग जाते थे, जिससे जिले के रेलयात्रियों को इस ट्रेन का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। जिसको लेकर जिले की जनता और रेल सलाहकार समिति की हमेशा से यह मांग रही थी कि इस ट्रेन का जिले के रेलयात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए मार्ग को परिवर्तित कर इसे नए ब्राडगेज मार्ग कटंगी-तिरोड़ी होते हुए चलाया जाए। जिसको लेकर विगत दिनों रेल सलाहकार समिति ने सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन को ज्ञापन देकर चर्चा भी की थी।

रेल मंत्रालय ने ट्रेन क्रमांक 08714/08715 ईतवारी-बालाघाट और बालाघाट-ईतवारी मेमु स्पेशल ट्रेन के रूट परिवर्तन का आदेश जारी कर दिया कर दिया हैं। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा ने गत 26 दिसंबर को ईतवारी-बालाघाट और बालाघाट-ईतवारी ट्रेन के मार्ग परिवर्तन का आदेश जारी किया। जिसमें प्रस्तावित समय के अनुसार ईतवारी-बालाघाट मेमु स्पेशल ट्रेन प्रातः 10.40 बजे ईतवारी से रवाना होगी। जो व्हाया तुमसर, तिरोड़ी, कटंगी, वारासिवनी होते हुए दोपहर 02.40 बजे बालाघाट पहुंचेगी। जबकि दोपहर 3.15 बजे बालाघाट से रवाना होकर शाम 6.30 बजे नागपुर पहुंचेगी।

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने पूर्व में प्रारंभ की गई ईतवारी-बालाघाट ट्रेन, अपरिहार्य कारणों से बंद थी। जिस ट्रेन के मार्ग परिवर्तित करने की मांग की जा रही थी। जनता की अपेक्षाओं और रेल सलाहकार समिति के ज्ञापन और चर्चा के बाद रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से इसको लेकर चर्चा की गई और जनता के अनुरूप इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर इस नए ब्राडगेज मार्ग कटंगी-तिरोड़ी से होकर चलाए जाने की स्वीकृति मिल गई है। चूंकि अब इस ट्रेन को सुबह बालाघाट से चलाए जाने की बात कही जा रही है, जिसको लेकर भी हम प्रयासरत है। संसदीय क्षेत्र में जनता की अपेक्षा के अनुरूप रेलसुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का लामता में स्टॉपेज दिलवाया गया है। जिससे यहां के लोगों के साथ ही व्यापारिक क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा जिले की जनता की मांग अनुरूप रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस का लामता में स्टॉपेज और ईतवारी-बालाघाट ट्रेन को व्हाया कटंगी-तिरोड़ी नए ब्राडगेज मार्ग से चलाए जाने की स्वीकृति दिलवाने पर 27 दिसंबर को बालाघाट पहुंचे संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का बिलासपुर रेलवे जोन सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन, नागपुर रेलमंडल सलाहकार समिति सदस्य अरूण राहंगडाले, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य मनोज क्षीरसागर, विशाल मंगलानी, तुर्राब खान और सुनील कोरे द्वारा समिति की ओर से आभार जताया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद, विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को जिले के किरनापुर विकासखंड के ग्राम वारा में यात्रा पहुंची। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री ढाल सिंह बिसेन ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गांव, कस्बे तक पहुंचकर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करना है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास से देश आगे बढ़ रहा है। सरकार की योजनाओं से जीवन स्तर में बदलाव आ रहा है लाडली बहना योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है ! जल जीवन मिशन के माध्यम से हर-घर तक नल के माध्यम से जल पहुंच रहा है। कौशल विकास से युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना अंतिम छोर तक पहुंच रही है विकसित भारत यात्रा, 2047 के सपनों को पूरा करने के लिए है। प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को छत मिल रही है जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से पर्यावरण को बचाने में मदद मिली है। महिलाएं को धुएं से मुक्ति मिली है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा निश्चय किट का वितरण किया गया और महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलौने भी दिए गए।